>

Title : Need to give salary to appointed youth in Jammu and Kashmir.

चौधरी लाल सिंह (उधमपुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे राज्य के नौजवान बच्चे जन्तर मंतर में कश्मीर से मेरे संसदीय क्षेत्र से बरहाल, केशवाड़, डोराल, बसौली-बनीबिलावर, कटुआ, हीरानगर और पुंछ-रजौरी से हमारे 8000 बच्चे जिनको एनओईंगे से जम्मू कश्मीर सरकार ने भारत सरकार की योजना के तहत अपाइंट किया था ।...(व्यवधान) उन बच्चों को भर्ती किया गया और एक साल की अभी तक उनको तनख्वाह नहीं दी गई। साथ में उनको नौकर किया गया था और हालांकि नौकर नहीं करना था क्योंकि उनको स्किल्ड बनाना था। इन्होंने स्किल्ड बनाने की बजाए उनके इंटरव्यू लिये। उनको नौकर किया।...(व्यवधान) आज वे हंगर स्ट्राइक पर जंतर-मंतर पर बैठे हैं। यह बहुत ही दुर्भाग्य की बात है और हमें इस बात की शर्म आ रही है। हमारे बच्चे वहां अगर मर जाएंगे तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? इसलिए मैं आपसे रिक्वेस्ट करता हूं कि उनका मसला हल होना चाहिए। ...(व्यवधान)